an>

Title: Need to complete the Ratlam-Dungarpur via Banswara railway line in Rajasthan.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, रतलाम से डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा रेल लाइन परियोजना 2083 करोड़ की प्रत्याशित लागत पर स्वीकृत की गयी है। 31.03.2014 तक इस परियोजना पर 26 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2014-15 के रेल बजट में इसके लिए 25 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए दो सौ करोड़ रुपये जमा करवाए हैं। इसको राज्य सरकार के साथ मिल कर निÂपादित किया जा रहा है। समझौते के अनुसार राज्य सरकार को 50 प्रतिशत लागत का वित्तपोÂ ाण करना है। रेलवे ने 67 हेक्टेयर भूमि का कब्जा ले लिया है और इस भाग में मिट्टी संबंधी कार्य शुरू कर दिया है। 59 छोटे पुलों के लिए पुल संबंधी कार्य की संविदा भी दी जा चुकी है।

अतः आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि रतलाम-बाँसवाड़ा-डूंगरपुर रेल परियोजना के लिए बाकी कार्यों और धन की व्यवस्था अविलम्ब करायी जाए ताकि कार्य पूर्ण किया जा सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Manshankar Ninama.